हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 7 जनवरी 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 12.2 डिग्री
न्यूनतम 8.2 डिग्री

4
जोगपाल पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम, बच्चों ने उठाया लुफ्त



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैंड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## भाजपा की बंजर भूमि अब बनेगी उपजाऊ : गोमती

# ऐतिहासिक जीत हासिल कर प्रथम नगर आगमन पर किया गया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

भाजपा मण्डल के कार्यकर्ताओं ने पत्थलगांव विधानसभा में ऐतिहासिक जीत हासिल कर पहली बार कोतबा नगर आगमन पर विधायक गोमती साय का भव्य स्वागत किया गया। कारगिल चौक में नृतक दल गाजे बाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इसके बाद लड्डुओं से तौला गया। साथ ही हनुमान मंदिर चौक में केला से तौला गया। बस स्टैण्ड के समीप रौनियार समाज ने गज माला पहना कर स्वागत किया तो नगरवासियो ने माल्यार्पण पुष्पगुच्छ भेंट कर आरती कर आत्मीय स्वागत किया गोमती साय ने बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

■ बड़े - बुजुर्गों से लिया आर्शीवाद

कोतबा नगर में शुक्रवार को गोमती साय के प्रथम आगमन पर बैगाबहार से अगवाई कर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित समस्त नगरवासियों ने ऐतिहासिक जीत पर ऐतिहासिक स्वागत किया। हाईस्कूल में भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय गुप्ता के घर मे चंदन तिलक कर स्वागत किया जिसके बाद नृतक दल की अगवाई में बजे गाजे आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत करते हुए कारगिल चौक में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा



लड्डुओ से तौला गया। जिसे जनता में वितरित कर मतदाताओं का आभार व्यक्त अनोखे अंदाज में किया गया। जहाँ से फूलों से सजी खुली जीप में गोमती साय को खड़े कर भव्य ऐतिहासिक विजय जुलूस निकालकर जन्ताजनार्दन से आशीर्वाद प्राप्त किया। जगह जगह माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया गया।कारगिल चौक से मुख्य मार्ग पर रोड शो करते हुए रायगढिया चौक से हनुमान मन्दिर के परिसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने केला फल से तौल कर विधायक गोमती साय को सम्मानित किया। जिसके बाद बस स्टैण्ड के समीप रौनियार गुप्ता समाज कोतबा इकाई द्वारा अध्यक्ष प्रेमचंद गुप्ता व सदस्यों द्वारा गजमाला पहना कर आत्मीय स्वागत किया गया।

जहाँ जलपान कर आगे संत समाज गहिरा गुरु रामेश्वर आश्रम पहुँची जहाँ संत समाज के अनुयायियों ने पारंपरिक रूप से मांदर की थाप में रामायण की चौपाइयों से विधायक गोमती साय का स्वागत किया गोमती साय ने संत गहिरा गुरु रामेश्वर के श्री चरणों मे श्रद्धा सुमन नारियल अर्पित कर माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसके बाद। गौण पारा में बैगा के घर जा कर देवी का आशीर्वाद लिया बूढ़ा महादेव की पूजा भी की आगे जुलूस का जगज जगह स्वागत करते हुए कार्यकर्ता पैदल चलते हुए अघारिया पारा स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर परिसर में आमजनसभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने गोमती साय सहित भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित सभी मंचासीन नेतागण गणमान्य नागरिकों का क्रमबद्ध माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत कार्यक्रम किया गया। जिसके बाद उद्बोधन के क्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने मतदाताओं कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि जिले के तीनों विधानसभा सीटों से सबसे बड़ी चुनौती पत्थलगांव सीट रही है।

कुनकुरी, जशपुर सीट की चिंता नहीं थी लेकिन पत्थलगांव विधानसभा सीट हर हाल में जितना था। इसी को लक्ष्य मानकर आप सभी कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं ने अपना आशीर्वाद दिया है। इसके लिए आप सभी का दिल से आभार करता हूं। उन्होंने बताया कि 2018 तक भाजपा सरकार ने बच्चे के जन्म से अनेक योजनाए चलाई थी लेकिन कांग्रेस सरकार ने उन सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को बंद कर दिया। वहीं फिर छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार, मोदी की गारंटी में बनी है। हमारे जशपुर जिले के कुनकुरी विधानसभा से विष्णु देव साय तीन बार विधायक, सांसद, सहित प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहे, उन्हें राज्य की मुख्यमंत्री चुना गया है।



संकल्प यात्रा में शपथ लेते लोग।

## कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के लिए यह सही समय : भगत

**फरसाबहार**। नागलोक विकासखंड फरसाबहार अंतर्गत ग्राम पंचायत सहसपुर एवं सीमावारी में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में मुख्य अतिथि पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष वेदप्रकाश भगत विशिष्ट अतिथि पंडरीपानी भाजपा मंडल अध्यक्ष देवशरण साय शामिल हुए। मुख्य अतिथि वेदप्रकाश भगत ने कहा कि हम लोगों का परम सौभाग्य है कि हमारे विधायक छत्तीसगढ़ राज्य के मुखिया है।

■ सहसपुर एवं सीमावारी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र वासियों के लिए क्षेत्र के विकास के लिए यही समय है और सही समय है। विकसित भारत यात्रा गांव गांव पहुंच रही है। और इस समय भी अगर हम सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ नही ले सकते है। फिर कभी भी नही ले पाएंगे। केंद्र में मोदी जी की सरकार और राज्य विष्णु देव साय जी सरकार हमारे लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं ऐसे में भी अगर हम अपना विकास नही कर सकते क्या। हमें योजनाओं का लाभ लेना होगा। विशिष्ट अतिथि देवशरण साय ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए 17 योजनाएं चला रखी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना का पैसा रोककर रखा था उसे छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय की सरकार ने पहले दिन ही जारी कर दिया है। मोदी है तो मुमकिन है।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई में 9 को प्लेसमेंट कैंप का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा**। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) में 9 जनवरी को सुजुकी मोटर्स - द प्लेसर की ओर से आईटीआई पास विभिन्न व्यवसायों हेतु कैंपस का आयोजन किया गया है। प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) ने बताया कि 9 जनवरी को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) में सुजुकी मोटर्स - द प्लेसर (कैंपस रिक्रूटमेंट पार्टनर) की ओर से 21500 रुपये मासिक की दर से एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के विभिन्न व्यवसाय (फिटर, मैकेनिक डीजल, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल) के ऐसे प्रशिक्षणार्थी जो कि 2017 से 2023 के बीच पास हुये हैं एवं जिनकी आयु 18-24 वर्ष हो आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदक 9 जनवरी को प्रातः 9 बजे समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ संस्था में उपस्थित हो सकते हैं।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा**। राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के पंजीयन स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन के लिए 15 जनवरी तक, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 25 जनवरी तक एवं सेक्शन स्वीकृति लॉक करने 10 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है।

### जांजगीर-चांपा जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**जांजगीर-चांपा**। जिले में वर्ष 2024 के लिए तीन स्थानीय अवकाश की घोषणा कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा की गई है। जारी आदेश के अनुसार मकर संक्रांति सोमवार 15 जनवरी, दशहरा (महानवमी) शुक्रवार 11 अक्टूबर और 1 नवम्बर दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा शुक्रवार को जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा।

### रेत का अवैध उत्खनन 4 ट्रैक्टर, 1 हाइवा जब्त

**जांजगीर-चांपा**। रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन मामले में कार्यवाई करते 4 ट्रैक्टर एवं 1 हाइवा को जब्त किया गया है। मामला हसौद थाना क्षेत्र के डोटमा का है। खनिज विभाग की टीम द्वारा रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए सक्ती जिले में लगातार की जा रही है। इसी के तहत ग्राम डोटमा में रेत के अवैध परिवहन में लगे 4 ट्रैक्टर व 1 हाइवा को जब्त किया गया है। जिससे खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से मिलेगा शासकीय लाभ

**जशपुरनगर**। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक शाखा प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, छात्रवृत्ति, वृद्धा पेंशन, मनरेगा इत्यादि सभी तरह के सरकारी लाभ डीबीटी के माध्यम से ग्राहक ले सकते है। इसी तरह 04 जनवरी को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का मैंडेट भी आईपीपीबी को मिला है।

उन्होंने बताया कि अभी तक महतारी वंदन योजना के संबंधित कोई प्रकरण नही है। पोस्ट ऑफिस में वर्तमान में महतारी वंदना योजना के संबंध में कोई भी फॉर्म नहीं भरा जा रहा है और ना कोई भी पैसा लिया जा रहा है। अफवाह से बचे और अधिक जानकारी के लिए मुख्य पोस्ट ऑफिस जशपुर में संपर्क करें। अभी कोई भी आदेश नहीं आया है। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) की स्थापना डाक विभाग, संचार मंत्रालय के तहत भारत सरकार के स्वामित्व वाली 100 प्रतिशत इक्विटी के साथ की गई है। आईपीपीबी को 1 सितंबर 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था। बैंक की स्थापना भारत में आम आदमी के लिए सबसे सुलभ, किफायती और भरोसेमंद बैंक बनाने की दृष्टि से की गई है। आईपीपीबी का मूल उद्देश्य बैंक रहित और कम बैंकिंग सुविधा वाले लोगों के लिए बाधाओं को दूर करना है और 155,000 डाकघरों (ग्रामीण क्षेत्रों में 135,000) और 300,000 डाक कर्मचारियों वाले नेटवर्क का लाभ उठाकर अंतिम छोर तक पहुंचना है। आईपीपीबी की पहुंच और इसका ऑपरेटिंग मॉडल इंडिया स्टैक के प्रमुख स्तंभों पर बनाया गया है सीबीएस-एकीकृत स्मार्टफोन और बायोमेट्रिक डिवाइस के माध्यम से ग्राहकों के दरवाजे पर पेपरलेस, कैशलेस और उपस्थिति-रहित बैंकिंग को सरल और सुरक्षित तरीके से सक्षम करना। मितव्ययी नवाचारों का लाभ उठाते हुए और जनता के लिए बैंकिंग की आसानी पर उच्च ध्यान देने के साथ, आईपीपीबी 13 भाषाओं में उपलब्ध सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस के माध्यम से सरल और किफायती बैंकिंग समाधान प्रदान करता है। आईपीपीबी कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और डिजिटल इंडिया के विजन में योगदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत तब समृद्ध होगा जब प्रत्येक नागरिक को आर्थिक रूप से सुरक्षित और सशक्त बनने का समान अवसर मिलेगा।

■ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, छात्रवृत्ति, वृद्धा पेंशन का डीबीटी के माध्यम से ग्राहक ले सकते हैं शासकीय लाभ

**मुख्यमंत्री विष्णुदेव की पहल**

## मासूम दिगम्बर का रायपुर मेडिकल कालेज में होगा निःशुल्क इलाज

**जशपुरनगर**। क्लब फुट बीमारी से जुझ रहे 5 साल के मासूम दिगम्बर यादव पिता ललित यादव का इलाज रायपुर के मेडिकल कालेज में निःशुल्क किया जाएगा। जन्म से इस बीमारी से जुझ रहे इस मासूम के अभिभावक बीते 5 साल से,अपने जिगर के टुकड़े के इलाज के लिए दर दर भटक रहे थे। बीमारी से दिगंबर को मुक्ति दिलाने के लिए अब तक उसके माता पिता हजारो रूपये फूंक चुके हैं। दो दिन पहले, सहायता की आशा लिए बगिया स्थित सीएम निवास पहुंचे थे। यहां उन्होनें, दिगम्बर की बीमारी की जानकारी देते हुए, इलाज के लिए सहायता देने का अनुरोध किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर तत्काल कलेक्टर डां रवि मित्तल ने सीएमएचओ डां रंजित टोप्पो को दिगम्बर की बीमारी की जांच कर, इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। चिरायु के जिला प्रभारी डां अरविन्द रात्रे ने बताया कि दिगम्बर यादव, क्लब फुट नामक बीमारी से पीड़ति है। यह बीमारी, जन्म से ही होती है। इसके असर से दिगम्बर का एक पैर का नीचला हिस्सा हल्का सा मुड़ गया है। जिससे वह ठीक से चल फिर नहीं पाता है। उन्होनें बताया कि पीड़ति की जांच के बाद, उसकी सर्जरी की आवश्यकता चिकित्सकों ने बताई है। यह सर्जरी, रायपुर के मेडिकल कालेज में कराया जाएगा। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद, एक दो दिन में चिरायु की टीम दिगम्बर और उनके अभिभावकों को लेकर रायपुर जाएगी। उन्होनें बताया कि उम्मीद है कि आपरेशन के बाद, दिगम्बर पूरी तरह से स्वस्थ हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि जशपुर जिले के कांसाबेल ब्लाक के बगिया निवासी और कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद, स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य समस्या लेकर भारी संख्या में पूरे छत्तीसगढ़ से लोग बगिया पहुंच रहें है और फोन से भी संपर्क कर रहे हैं।

■ कलेक्टर ने सीएमएचओ को दिगम्बर की बीमारी की जांच कर, इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने दिए निर्देश



अपने माता पिता के साथ दिगम्बर।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा लाभ

**जशपुरनगर**। जिले भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्हें योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है। यात्रा के तहत शहरीय, ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित की जा रही है। यात्रा के दौरान हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ का वितरण भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जिले के कई ग्रामों में शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद पंचायत जशपुर के ग्राम पंचायत जामटोली, ग्राम बाम्हनपुरा, बगीचा के ग्राम पंचायत सरधापाठ, ग्राम कुरकुरिया, कुनकुरी के ग्राम पंचायत जोकबहला, फरसाबहार के ग्राम पंचायत सिमाबारी सहित अन्य ग्राम पंचायत शामिल है। जहां लोगों को यात्रा का उद्देश्य व केंद्र सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र हितग्राहियों को तुरंत लाभ भी पहुंचाया गया। लोगों को बताया गया कि केंद्र सरकार जनजातीय, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विकसित भारत यात्रा का आयोजन कर रही है। शिविर के दौरान प्रचार वाहन के माध्यम से लोगों को उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, सुकन्या योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

■ हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ का किया जा रहा वितरण



ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी देते।

### राम मंदिर अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत देकर निमंत्रण

**कासाबेल**। श्री राम मंदिर अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व में शामिल होने के लिए अक्षत एवम् निमंत्रण पत्र व श्री राम मंदिर अयोध्या की चित्र दे कर निमंत्रण किया जा रहा है, इस अवसर पर जिला कांसाबेल के प्रखंड अध्यक्ष श्री विवेक कुमार गुप्ता जी ने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के निवास बगिया जाकर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय जी को अक्षत, निमंत्रण पत्रक व श्रीराम मंदिर अयोध्या की चित्र भेंट कर 22 जनवरी मे होने जा रही श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल होने का न्योता दिया। इस अवसर विश्व हिंदु परिषद के पदाधिकारी मनीष साय,पवन चौहान,श्री सुभाष जी अग्रवाल, सूरज साय एवम् बागिया ग्राम वासी, एवम् गांव के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

## पीएम जनमन योजना, पहाड़ी कोरवा बिरहोर बस्ती में शिविर आयोजित

**जशपुरनगर**। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत जिले के पीवीटीजी बसाहट ग्रामों में निवासरत लोगों को लाभ दिलाने शिविर आयोजन का सिलसिला जारी हैं। इसी कड़ी में शनिवार को बगीचा, कुनकुरी और मनोरा क्षेत्र के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर के बसाहट व पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया । आयोजित शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सिकल सेल जांच सहित विभिन्न प्रकार के समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत होकर निराकरण किया गया। इसी कड़ी में जनजाति बहुल क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोखी, कुनकुरी के ग्राम पंचायत बहेराखार में आयोजित शिविर में लोगों का सिकलसेल, एनसीडी जांच किया गया। वही ग्राम पंचायत झक्कड़पुर सहित मनोरा के कई ग्राम पंचायतों में भी सिकलसेल, एनसीडी जांच किया गया। साथ ही शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया।

■ पीवीटीजी ग्रामों के हितग्राहियों को योजनाओं से किया जा रहा लाभान्वित



निरीक्षण करते अधिकारी।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में दी जानकारी

# कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों की बैठक, बूथ स्तर पर एजेंट नियुक्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल ने राजनीतिक दलों की बैठक ली। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची का प्रारम्भिक प्रकाशन 6 जनवरी 2024 को किया जा रहा है। मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम जोड़ने एवं संशोधन कार्य 6 जनवरी से 22 जनवरी तक होगी। विशेष शिविर का आयोजन 13 जनवरी एवं 14 जनवरी निर्धारित है। दावा आपत्ती का निराकरण 2 फरवरी तक और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा अर्हता तिथि 1 जनवरी के साथ साथ तीन अन्य अर्हता तिथियां 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर, 2023 को भी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले लोगों से प्रारूप-6 में अग्रिम रूप से आवेदन प्राप्त किये जाऐंगे। उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मतदान केंद्र स्तर पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध कराने कहा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरपी चौहान, भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी सही अन्य दल के पदाधिकारी तथा निर्वाचन शाखा की कर्मचारी उपस्थित थे।



राजनीतिक दलों की बैठक लेते कलेक्टर।

### विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में ली प्रेसवार्ता

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 कार्यक्रम के संबंध में प्रेसवार्ता ली। कलेक्टर ने बताया कि एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा रहा है। मतदाता सूची में मतदाताओं का नाम जोड़ने हटाने एवं संशोधन का कार्य 6 जनवरी से 22 जनवरी तक रहेगी। विशेष शिविर की तिथियां 13 जनवरी एवं 14 जनवरी निर्धारित है। दावे एवं आपत्तियों का निराकरण शुक्रवार 2 फरवरी को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन गुरूवार 8 फरवरी को किया जाएगा। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों को मतदाताओं को जागरूक करने व्यापक प्रचार प्रसार कर अपना योगदान देने आग्रह किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एव जिला उप निर्वाचन अधिकारी आरपी चौहान, एवं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राजस्व अधिकारी व समिति प्रबंधकों की बैठक

कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने तहसीलवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होने नामांतरण एवं बंटवारा सहित राजस्व के लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व के प्रकरण को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने कहा एवं सभी पटवारी को मुख्यालय में रहने एवं समय पर कार्यालय खोलने कड़ी निर्देश दिए हैं उन्होंने सभी पटवारी को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित तय सीमा में राजस्व प्रकरणों के निराकरण सुनिश्चित करें एवं जो प्रकरण समय सीमा के बाहर के है उन्हे प्राथमिकता से पहले पूर्ण करें और विभागीय पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होने तहसीलदारों को पटवारियों की बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की नियमित समीक्षा करने तथा कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले पटवारियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट के मंत्रणा सभा कक्ष में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, अपेक्स बैंक नोडल अधिकारी एव समिति प्रबंधकों की बैठक ली। उन्होंने जिले के किसानों को शत लाभान्वित करने के लिए कृषि विकास अधिकारियों, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों से किसान क्रेडिट कार्ड प्रगति के संबंध में गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने प्रत्येक विभागीय अधिकारी कर्मचारी को किसान क्रेडिट कार्ड से मिलने वाले लाभ को समझाने निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को केसीसी के लिए प्रोत्साहित एवं प्रेरित करें जिससे अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ मिल सके। बैठक में उप संचालक कृषि विभाग, सहायक सहकारिता पंजीयकअधिकारी, अपेक्स बैंक नोडल अधिकारी एव समिति प्रबंधक उपस्थित थे। कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड में प्रगति लाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों का नियमित समीक्षा करने कहा।

## फिल्म इवेंट

### छॉलीवुड


## एक्शन और कामेडी का तड़का 'तही बनबे मोर दुल्हनियाँ' में



**रायपुर।** साल की शुरूआत के साथ ही छत्तीसगढ़ी फिल्मों की रिलीज लगातार जारी है। जल्द ही दर्शकों से रूबरू होने 'तही बनबे मोर दुल्हनियाँ' आ रही है। आगामी सप्ताह में 19 जनवरी को इसकी रिलीज तय है। फिल्म में दिलेश साहू और अनिकृति चौहान की जोड़ी है। वहीं जीत शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह, उपासना वैष्णव, अनिल शर्मा, संगीता निषाद व संतोष निषाद की अहम भूमिका है। फिलहाल सोशल मीडिया पर इस फिल्म के गीत और फिल्म का ट्रेलर धूम मचा रहे हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि पूरी फिल्म में एक्शन और कॉमेडी का तड़का है। जिससे दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिले। फिल्म के गीतों में सॉवर चेहरा तोर नीक नीक लागे गोरी तोर ले मया के करार हे..., सज सवांर के मेकअप छबड़के हाथ म महंगा मोबाईल धरके, आंखी म चश्मा, हाथ म घड़ी लागये बने करे हाबे खर्चा, दिखथे लाल मिर्चा काकर फड़वाही पर्चा और इसके साथ ही टाइटल गीत 'मां कसम गोरी वो तही बनबे मोर दुल्हनिया' इन दिनों चर्चा में है। फिलहाल दर्शकों को फिल्म की रिलीज का इंतजार है।

### टॉलीवुड

## रवि तेजा की ईगल अब मकर संक्रांति पर नहीं होगी रिलीज



**हैदराबाद।** तेलुगु अभिनेता रवि तेजा अपनी आगामी फिल्म 'ईगल' को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेता इस फिल्म में एक्शन अवतार में नजर आएंगे। वहीं, पिछले दिनों मेकर्स ने एक्शन थ्रिलर फिल्म 'ईगल' का टीजर जारी का दिया था। बता दें कि सिनेमैटोग्राफर से निर्देशक बने कार्तिक घट्टमनेनि द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक जासूसी एक्शन फिल्म है। रवि तेजा इस फिल्म में अपने एक्शन अंदाज से दमखम दिखाएंगे। अब मेकर्स ने फिल्म के नई रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। इस साल मकर संक्रांति, पोंगल बस कुछ ही दिन दूर है और त्योहारी सीजन में कई फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इससे पहले, रवि तेजा स्टारर ईगल भी संक्रांति के दिन सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे स्थगित कर दिया गया। अब, निर्माताओं ने खुद घोषणा की है कि ईगल 9 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, क्योंकि कई लोकप्रिय फिल्में भी उसी पूर्व तारीख के साथ रिलीज हो रही हैं। फिल्म के स्थगित होने की घोषणा करते हुए, निर्माताओं ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि निर्माता फिल्म को ऐसे समय में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं, जब सिनेमाघरों में भारी भीड़ जमा होगी। मेकर्स की प्लानिंग के अनुसार इसे तब रिलीज किया जाएगा, जब फिल्म को दर्शकों द्वारा सबसे अधिक सराहा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि निर्देशक और रचनात्मक कर्मचारियों के काम की पूरे दिल से सराहना की जानी चाहिए और स्थगन उसी के लिए प्रभावी होगा। अगले सप्ताह संक्रांति और पोंगल त्योहार आ रहे हैं और तेलुगु और तमिल दोनों क्षेत्रों में कई फिल्में रिलीज होंगी। तेलुगु में प्रमुख रिलीज में महेश बाबू की गुंटूर करम शामिल है, जो त्रिविक्रम श्रीनिवास द्वारा निर्देशित है और कहा जाता है कि यह एक मसाला मनोरंजक फिल्म है। यह सुपरस्टार महेश बाबू की 28वीं फिल्म है जो 2022 में उनकी आखिरी फिल्म सरकारू वारी पाटा के बाद रिलीज हुई है।

### भोजपुरी

## सलमान की फिल्म का आइडिया उठा कर भोजपुरी में बनेगी 'कोख'



**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान की फिल्म 'चोरी चोरी चुपके चुपके' साल 2001 में रिलीज हुई, जिसमें सलमान खान के साथ रानी मुखर्जी और प्रीति जिंटा की मुख्य भूमिका रही। इस फिल्म का मूल विषय सरोगेसी पर आधारित था। भोजपुरी फिल्म 'कोख' का ट्रेलर देखकर यही लगता है कि इस फिल्म की मूल कहानी भी बिल्कुल सलमान खान की फिल्म ''चोरी चोरी चुपके चुपके' से मिलती जुलती हैं। भोजपुरी फिल्म 'कोख' का ट्रेलर फिल्म के मेकर ने सोमवार की शाम को वेब म्यूजिक के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया, जिसमें अभिनेता यशपाल शर्मा का बहुत ही रौबदार अंदाज देखने को मिला।

फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत फिल्म के नायक के एक्शन की एंट्री से होती है। जब वह घर पहुचंता है, उनकी मां कहती है, 'ए बबुआ इ घर के खातिर एक बहु ला द।' नायक कहता है, 'अइसन लड़की कहां मिली जे हमरा के पसंद आ जाए।' ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि नायक जिस लड़की को शादी के लिए पसंद करता है,उस लड़की का परिवार नायक के पिता को पसंद नहीं। उसके पिता कहते हैं, 'बिआह कईले के खातिर तैयार भईल बाटे त कवने लड़की के साथ, आपन खानदान देखा और उनकर खानदान देखा।' नायक और नायिका की शादी हो जाती है, लेकिन उसे बच्चा पैदा नहीं होता है। नायक डॉक्टर की सलाह पर सरोगेसी के जरिए अपनी पत्नी को मां बनने का सुख देना चाहता है। उसके पिता कहते हैं, 'इ हम का सुनत बाटी, तू लोग केहू और के कोख से बच्चा पैदा करावल चाहत बाटा, इ खानदान क नाम मिट्टी में मिलावल चाहत बाटा।' ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि नायक चंदा नाम की लड़की को सरोगेसी के लिए तैयार करता है। नायिका को लगता है कि उसका पति चंदा का कुछ ज्यादा ही ख्याल रख रहा है। वह अपने पति से कहती है, 'चंदा बच्चा पैदा करेवाला मशीन बा, प्यार करेवाला नाही है।' नायक कहता, 'चंदा एकदम पाक साफ लड़की बा।'


नायिका चंदा से कहती हैं, 'हमारा मजबूरी बा कि अपने पति क सौदा करत बाटी।



### मेट गाला की तैयारी

"न्यूयार्क का बहुचर्चित फैशन शो मेट गाला 2024 इस बार मई के पहले सोमवार को आयोजित किया जाएगा। 2024 की थीम - ₹स्लीपिंग ब्यूटीज़: रीवाकिंग फ़ैशन₹ - की घोषणा पहले ही की जा चुकी है और यह कुछ विशेष रूप से रचनात्मक लुक का वादा करती है। मेट गाला दुनिया भर के फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के लिए साल के सबसे बड़े जमावड़े में से एक होता है। फिलहाल तैयारियां चरम पर हैं।

## मुंहासे के भद्दे दाग को हल्का करेंगे देसी नुस्खे



बाजार मुंहासे के पुराने दाग-धब्बों को हल्का करने के लिए आपको बहुत सारे ब्यूटी प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे,मगर आप फ्री में ही इसका इलाज कर सकती हैं और घर की रसोई में मौजूद चीजों से मुंहासों के दाग-धब्बों को हल्का कर सकती हैं। सबसे पहली बात तो यह है कि एलोवेरा जेल में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, इसलिए अगर आपकी स्किन में मुंहासों की दिक्कत है, तो एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करने से वह कम हो जाएगी। बाकि इसमें विटामिन-सी प्रचुर मात्रा में होता है, जो त्वचा में मौजूद दाग-धब्बों को हल्का करता है। अच्छी बात तो यह है कि एलोवेरा जेल में मॉइश्चराइजिंग गुण भी होते हैं, इसलिए त्वचा न तो ज्यादा ऑयली नजर आती है और ड्राई दिखती है। आप एलोवेरा जेल को गुलाब जल में मिक्स करके चेहरे पर लगा सकती हैं। आलू भी एंटी-स्कार होता है। आप इसे चेहरे पर डायरेक्ट लगा सकती हैं या फिर इसे कद्दूकस करके इसका रस निकाल लें और उसमें सेब का सिरका मिलाकर चेहरे पर लगा लें। हां, आपकी त्वचा यदि ड्राई रहती है, तो आपको आलू के रस में थोड़ा शहद मिक्स कर लेना चाहिए। दोनों में ही ब्लीचिंग प्रॉपर्टीज होती हैं और यह मिश्रण आपकी त्वचा पर मौजूद दाग-धब्बों को दूर करेगा और ड्राई भी नहीं होने देगा। आलू के रस को चेहरे पर लगाकर आप 5 से 10 मिनट के लिए छोड़ सकती हैं और फिर आप चेहरे को वॉश कर लें।

नींबू का रस कभी भी त्वचा पर डायरेक्ट न लगाएं। एक्सपर्ट कहते हैं कि नींबू में सिट्रिक एसिड होता

## नेल पॉलिश फैल जाती है तो रखें इन बातों का खास ख्याल




अक्सर हम नेल पोलिश को उंगलियों पर 2 से 3 कोट में लगाना पसंद करते हैं। वहीं 1 से ज्यादा कोट लगाने के चक्कर में हम पहले लगाये हुए कोट को सूखने का समय ही नहीं देते हैं, जिसके कारण लगाया गया अगला कोट सही तरीके से नहीं लग पाता है। नेल पोलिश को फ्लॉलेस बनाने के लिए आप कोशिश करें कि कम से कम कोट में ही नेल पोलिश लगायें और अगर दूसरा कोट लगाने से पहले थोड़ा सूखने का इंतजार करें। ऐसा करने से आपके हाथों पर लगी नेल पोलिश फैलेगी नहीं। अगर आप बिगिनर हैं और ज्यादा अच्छी तरह से नेल पोलिश नहीं लगा पाते हैं तो आप क्यूटीक्लस और नाखून के आस-पास के जगह पर ग्लू लगा सकते हैं और फिर धीरे-धीरे नेल पोलिश लगा सकते हैं। नेल पोलिश को लगाने के बाद आप क्यूटीक्लस पर लगी हुई ग्लू को हटा सकते हैं।

ऐसा करने से आपके हाथों की उंगलियों पर काफी क्लीन लुक मिलने में मदद मिलेगी। ज्यादातर हम नेल पोलिश को लगाकर बैठे रहते हैं कि कब वे सूख जाये और फैलने से बची रहे।

बता दें कि इसके लिए आप अपने हाथों की उंगलियों को ठंडे पानी में डूबा सकती हैं। करीब 10 से 20 सेकंड तक ऐसा करने

## विंटर में लॉन्ग कोट के साथ इन टिप्स की मदद से साड़ी करें स्टाइल

फैशन





सर्दियों में साड़ी स्टाइल करना काफी मुश्किल होता है लेकिन आप इन टिप्स की मदद से इन्हें वियर कर सकती हैं। साड़ी स्टाइल करना हर किसी को पसंद होता है लेकिन सर्दियों में इन्हें वियर करने में थोड़ी दिक्कत होती है। इसलिए ज्यादातर लड़कियां जींस स्वेटर और जैकेट वियर करना पसंद करती हैं। लेकिन अगर आप चाहे तो साड़ी को लॉन्ग कोट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपका लुक काफी सुंदर नजर आएगा।

### पल्ले को आगे की तरफ करें स्टाइल

अगर आप साड़ी के साथ लॉन्ग कोट वियर कर रही हैं तो इसके लिए आपको साड़ी के पल्ले को स्कर्फ की तरह स्टाइल करना है फिर इसके ऊपर कोट वियर करना है। इससे आपका गला भी ढका रहेगा साथ ही आप कम्फर्टेबल भी रहेंगी। इसके लिए सबसे पहले सिंपल प्लीट्स बनाएं। फिर पल्ले को कंधे पर सेट करें। अब इसे आगे की तरफ लाएं और फिर कोट के बटन लगाएं। ऐसे आप साड़ी के साथ लॉन्ग कोट को पहन सकती हैं।

### ओपन पल्लू के साथ स्टाइल करें कोट


अगर आप कहीं घूमने का प्लान बना रहीं है और साड़ी वियर करने के बारे में सोच रही हैं तो ऐसे में आप ओपन पल्लू (सूट डिजाइन स्टाइल टिप्स) कर सकती हैं फिर कंधे पर अपने कोट को बस स्टाइल कर सकती हैं। ये आजकल का काफी लेटेस्ट ट्रेंड है जिसे फॉलो करना हर कोई पसंद करता है ये काफी स्टाइलिश लगता है।

### सिंपल तरीके से साड़ी करें स्टाइल

अगर आपको कुछ समझ नहीं आ रहा तो इसके लिए आप पल्ले पर प्लीट्स बनाएं फिर इसे बेल्ट से सेट करें। इसके बाद कोट (पतली दिखने के लिए सूट डिजाइन) को वियर करें। इससे आपका लुक काफी सिंपल लगेगा।

लेकिन अगर आप बेल्ट अच्छी स्टाइल करेंगी तो सुंदर भी उतनी ही लगेंगी।

## डिफरेंट लुक चाहती हैं तो पहनें ये इयर कफ इयररिंग्स, देखें लेटेस्ट डिजाइन



इयर कफ इयररिंग्स एक स्टाइलिश और ट्रेंडी एक्सेसरीज है जो आपके लुक को पूरी तरीके से चेंज कर देता है। इसे कान के आकार के हिसाब से तैयार किया जाता है ताकि जब आप इसे वियर करें तो पूरा कान अच्छे से कवर हो सके। इसमें आपको काफी सारे अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे।

### फूलों के डिजाइन का इयर कफ

इस इयर कफ इयररिंग्स में फूल का डिजाइन होता है। किसी में छोटे फूल बने हुए होते हैं तो किसी में छोटे फूलों को बनाया जाता है। ये दिखने में काफी सुंदर होते हैं और आकर्षक लगते हैं। आप इसे किसी भी वेस्टर्न ड्रेस के साथ स्टाइल कर सकती हैं ये काफी आकर्षक लगते हैं साथ कि इसके बाद आपको ज्यादा कुछ स्टाइल करने की जरूरत नहीं पड़ती है। मार्केट से आप इस तरीके के इयररिंग्स 200 से 500 रुपये में खरीद सकती हैं।

### मल्टीकलर इयर कफ

अगर आपको कुछ नया ट्राई करना है तो आप इस तरीके के सर्कुलर डिजाइन वाले इयर कफ को टाई कर (लेटेस्ट इयररिंग्स डिजाइन) सकती हैं। इसमें आपको हर लेयर पर डिफरेंट कलर मिलेंगे। जिससे ये अलग ही स्टाइल के लगेंगे। इस तरीके के इयर कफ फंकी लुक के लिए बेस्ट होते हैं और स्टाइलिश लगते हैं।

### पीकॉक शेप इयर कफ

आजकल पीकॉक डिजाइन काफी ट्रेंड में है इसलिए आप भी इस तरीके के इयर कफ को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पीकॉक (क्लासिक लुक के लिए इयररिंग्स) का डिजाइन मिलेगा। इसमें हैवी करके इस डिजाइन को क्रिएट किया गया है ताकि इसके बाद इयररिंग्स पहनने की जरूरत न पड़े। नीचे की तरफ ड्रॉप दिए गए हैं। इस तरीके के इयररिंग्स आप एथनिक आउटफिट्स के साथ स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 250 से 500 की रेंज में मिल जाएंगे।

## केमोफ्लाज ड्रेसिंग को पहनें तो रखें इन स्टाइलिंग टिप्स का ध्यान, तब ही मिलेगा परफेक्ट लुक


केमोफ्लाज ड्रेसिंग को अपने स्टाइल में शामिल करना चाहते हैं? लेकिन परफेक्ट लुक वाला मामला कभी ठीक बैठता ही नहीं है तो आपको कुछ खास बातें ध्यान रखने की जरूरत है। इन टिप्स के साथ जब आप केमोफ्लाज ड्रेसिंग अपनाएंगे तो आपका लुक हैंडसम आएगा और आपको खुद भी अपना स्टाइल बेहतरीन लगेगा। केमोफ्लाज ड्रेसिंग के लिए क्या हैं जरूरी टिप्स जानते हैं-

### केमो जैकेट से करे कमाल

केमोफ्लाज जैकेट इस प्रिंट में सबसे ज्यादा पहना जाने वाले पहनावा है, इस जैकेट को कई सारी ड्रेस के साथ लेयर किया जा सकता है। इसको हुडीज के साथ भी पेयर कर सकते हैं। लेकिन केमो जैकेट के साथ रंगों का कॉम्बो काला, सफेद या ग्रे ही रखें। इस जैकेट को शॉर्ट ही चुनें।

### केमो जॉगर्स से मिले स्टाइल-

केमोफ्लाज जॉगर्स उन पुरुषों के लिए पर्फेक्ट विकल्प है तो अक्सर सिर्फ ग्रे या काले रंग के पैंट ही पहनते हैं। इस तरह से उनकी ड्रेसिंग में प्रिंट भी शामिल हो जाते हैं। लेकिन हां, इनको चुनने के लिए टैपर्ड फिट ही चुनें और ऊपर टॉप ब्लैक कलर का पहनें।



### केमोफ्लाज शर्ट से दें लुक को नया अंदाज

केमोफ्लाज शर्ट भी लुक को परफेक्ट बनाने का काम करती है। इनको पहनते हुए कभी भी बहुत थी ज्यादा टाइट शर्ट न चुनें। इस शर्ट को डिस्ट्रेस्ड जींस के साथ पहनें। इस शर्ट को लेयर करना हो तो अंदर सफेद टी शर्ट पहनें। इस वक्त शर्ट की बांह फोल्ड जरूर कर लें। अब अगर आप केमो शॉर्ट पहनना पसंद करते हैं तो इनको पहनने का भी एक तरीका होता है। इस शॉर्ट को ब्लैक टी शर्ट के साथ पहनें। इसके आलावा खाकी टीशर्ट भी पहनी जा सकती है। इनको ट्रेनर्स के साथ मैच करें।

कार्नर न्यूज

### वक्त के साथ चलने जरूरी है कि हेयर स्टाइल पर भी ध्यान दें मेंस

# नए साल में अपनाएं लेटेस्ट हेयर स्टाइल दुनिया हो जाएगी आपके फैशन की दीवानी

*स्टाइलिश हर कोई दिखना चाहता है। लेकिन स्टाइलिश दिखता वही है जो खुद को समय के साथ अपग्रेड करता रहता है। फिर चाहें वो पहनने वाले कपड़े हों या फिर स्टाइलिश शूज। लेकिन वक्त के साथ चलने के लिए सिर्फ कपड़े और जूतों पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है। कपड़ों की शॉपिंग तो आप दोस्तों या पार्टनर के साथ जाकर भी कर लेते हैं। लेकिन सैलून में बाल कटवाने के लिए तो अकेले ही जाना पड़ता है। सैलून में जाकर हेयर स्टाइलिस्ट को सही ढंग से समझाना भी आना चाहिए कि आपको क्या चाहिए? बहुत से लोग इसी डर से नई और ट्रेंडी मेंस हेयर स्टाइल को अपनाने से बचते हैं।*



### फेडेड पोंपाडोर

पोंपाडोर हेयर स्टाइल को ये नाम एक फ्रेंच महिला 'मादाम डी पोंपाडोर' के नाम पर मिला है। वह फ्रांस के राजा लुईस 15वें के काल की एक फैशनेबल महिला थी। इस स्टाइल का इजाद भी उन्होंने ही किया था। सबसे पहले इस स्टाइल को महिलाओं का फैशन स्टेटमेंट माना जाता था। लेकिन एल्विस प्रिस्ले ने आकर इसे दुनिया में मकबूलियत दी और शोहरत की नई बुलंदियों तक पहुंचाया। पोंपाडोर हेयर स्टाइल का मूल आइडिया चेहरे के सामने के बालों को ऊपर की तरफ उठाने और पीछे से सहारा देकर आगे उठे हुए बाल पाने का है।

### साइड स्वेप्ट वेवी हेयरस्टाइल्स

कुछ हेयर स्टाइल ऐसी भी हैं जो कभी ट्रेंड से आउट नहीं होती हैं। लगातार ट्रेंड में बनी रहने वाली इन हेयर स्टाइल में अंडर कट और फेड कट का नाम भी शामिल है। शायद यही कारण है कि, अपने से पहले वाली पीढ़ी भी इन स्टाइल को मेंटेन करती थी और लोग आज भी इसे मेंटेन करना पसंद करते हैं। हमारी नई हेयर स्टाइल इन दोनों ही स्टाइल का बेमिसाल कॉम्बो पेश करती है। इस हेयर स्टाइल का वेवी या लहराते बालों वाला टेक्स्चर लंबे चेहरे वाले लोगों के लिए बेस्ट है। ये उनके बालों में वॉल्यूम होने का अहसास भी देता है।

### मेसी लॉन्ग हेयरस्टाइल्स

मैन बन के अलावा भी कई ऐसी हेयर स्टाइल हैं जो इन दिनों खूब ट्रेंड में चल रही हैं। ये हेयर स्टाइल उन लोगों के लिए बहुत अच्छी है जिसका चेहरा लंबा है और बालों की मोटाई ठीक है। इसके अलावा, अगर कोई मेसी हेयर स्टाइल के साथ एक्सपेरिमेंट करने के बारे में सोच रहा है तो ये हेयरस्टाइल उसके लिए भी अच्छी है। फोटो में दिखाए गए शख्स के बालों की लेंथ मीडियम है। इतनी लेंथ के बालों को हर रोज आसानी से स्टाइल और मैनेज दोनों किया जा सकता है। अगर बाल थोड़े और बड़े हैं तो मैनेज करने के लिए किसी अच्छे हेयरस्प्रे की मदद ली जा सकती है।



### लेयर्ड और फ्रिंज्ड हेयरकट्स

अगर आप बालों में थोड़ा सा वॉल्यूम बढ़ाने वाली हेयरस्टाइल को तलाश रहे हैं तो, ये हेयर स्टाइल आपके लिए एकदम परफेक्ट है। बालों की ये लेयर्स हेयर स्टाइल को गजब का बाउंस और टेक्स्चर देती हैं। लेकिन अगर किसी ने बाउंसी बाल पाने के लिए साइड स्वेप्ट हेयर स्टाइल को अपना ही लिया है तो, इस हेयर स्टाइल को अगली बार आजमाया तो जा ही सकता है।

### क्रॉप कट्स

अगर किसी पुरुष का माथा काफी बड़ा है। इसके अलावा, अगर उसकी हेयर लाइन भी माथे से काफी बढ़कर है तो, ये हेयर स्टाइल आप पर एकदम परफेक्ट तरीके से सूट करेगी। ये हेयर स्टाइल्स उन लोगों के लिए भी अच्छी रहती है जिनकी हेयर लाइन घटते-घटते काफी ऊपर तक जा चुकी है।



# भीड़ से घिरे बॉबी देओल का निकलना हुआ मुश्किल

**मुंबई।** फिल्म 'एनिमल' से बॉबी देओल की पॉपुलैरिटी अचानक काफी बढ़ गई है। वह जहां भी जा रहे हैं फैन्स की भीड़ उन्हें घेर ले रही है। कुछ दिनों पहले ही एक महिला उनके लिए गिफ्ट लेकर आई। इस बीच अब बॉबी का एक वीडियो आया है जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट पर दिख रहे हैं। वह बिना किसी सिक्योरिटी के हैं और अकेले ही चल रहे थे कि तभी लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा जो उनके साथ एक तस्वीर खिंचवाना चाह रही थी। इतनी भीड़ के बावजूद बॉबी शांत और कूल रहे और कईयों के साथ तस्वीरें क्लिक कराईं। विरल भयानी ने वीडियो शेयर किया है। बॉबी स्लीवलेस हुडी, जींस और ब्लैक टोपी में हैंडसम लगे।

लाइफ Style

# अनन्या

## शेयर कीं बॉयफ्रेंड की तस्वीरें

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बी-टाउन की ग्लैमरस क्वीन अनन्या पांडे इन दिनों आदित्य रॉय कपूर के साथ अपने डेटिंग को लेकर चर्चा में हैं। भले ही अनन्या और आदित्य ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है, लेकिन उनके जेस्चर्स रिलेशनशिप को कन्फर्म करने के लिए काफी हैं।

अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर एक साथ नया साल मनाने के लिए लंदन गए थे। लंदन से रूमर्ड कपल की न्यू ईयर सेलिब्रेशन की फोटो भी सामने आई थी, जिसमें दोनों दोस्तों के साथ पोज देते हुए नजर आए थे। इस फोटो में अनन्या और आदित्य को ब्लैक कलर के आउटफिट में ट्विनिंग करते हुए भी देखा गया था। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद कन्फर्म हो गया था कि दोनों साथ में लंदन गए थे। बीते दिन अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर लंदन से वेकेशन मनाकर मुंबई लौटे। अब एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने वेकेशन की खूबसूरत झलकियां शेयर की हैं, लेकिन सोलो। अनन्या द्वारा शेयर की गई एक भी फोटोज में आदित्य रॉय कपूर नजर नहीं आ रहे हैं। एक फोटो में अनन्या एक रिंग बेल को प्रेस करती दिख रही हैं, जिस पर लिखा है, 'अटेंशन के लिए बेल बजाइए।' एक फोटो गिलहरी की है, जिसे देख सोशल मीडिया स्टार ओरी ने कमेंट कर अनन्या को गिलहरी बता दिया। एक फोटो अनन्या की कैंडिड है, जिसमें वह नदी के किनारे ढेर सारे पक्षियों के पास खड़ी हैं। एक फोटो में अनन्या खाना एन्जॉय कर रही हैं तो एक में बुक पढ़ रही हैं। एक जगह अभिनेत्री को स्कैटिंग करते हुए पोज देते देखा जा सकता है।



हॉलीवुड मसाला



# कैरी हुईं बुरी तरह घायल

**लॉस एंजिलिस।** 'ब्लैक पैंथर' एक्टर और स्टंटवुमन कैरी बर्नांस साल के पहले ही दिन खतरनाक एक्सीडेंट का शिकार हो गई हैं। 1 जनवरी, 2024 को न्यूयॉर्क में उनके साथ एक हिट-एंड-रन एक्सीडेंट हो गया। 29 साल की एक्ट्रेस हाल ही में मां बनी थी. राहत की बात यह रही कि घटना के वक्त वह अपने बच्चे के साथ नहीं थीं। इस एक्सीडेंट में कैरी बर्नांस को कई फ्रैक्चर हुए. उनकी कई हड्डियां और दांत टूट गए। एक बयान के मुताबिक, 29 साल की कैरी बर्नांस को 1 जनवरी को लगभग 1:30 बजे मैनहट्टन में चिरप रेस्टोरेंट के आउटडोर डाइनिंग एरिया में एक ड्राइवर की टक्कर लगने से गंभीर चोटें आईं।



# पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने फैन्स को चौंकाया

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने म्यूजिक इंडस्ट्री छोड़ने की घोषणा करके फैन्स को चौंका दिया है। इसके साथ ही उन्होंने एक नए एल्बम की अफवाहों का भी खंडन किया। ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन अफवाहों को खारिज कर दिया है, जहां कहा जा रहा था कि वह एक नए एल्बम पर काम कर रही हैं। पॉप स्टार ने साफ किया कि वह म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी भी वापस नहीं आएंगी। ब्रिटनी स्पीयर्स 2000 के दशक की प्रमुख गायिकाओं में से एक रही हैं। पॉप स्टार उन रिपोर्ट्स का जवाब दे रही थी, जो बुधवार की सुबह पेज सिक्स पर सामने आई थीं कि ब्रिटनी स्पीयर्स संभावित रूप से एक रिकॉर्ड के लिए चार्ली एक्ससीएक्स और लेखिका जूलिया माइकल्स को टैप कर रही थीं।



# तमन्ना ने लंदन में मनाया न्यू ईयर

**मुंबई।** इस बार का न्यू ईयर तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के लिए बेहद स्पेशल रहा। आखिर इसे इस कपल ने लंदन में दोस्तों के साथ मनाया, और साथ में रोमांटिक पल भी बिताए। तमन्ना और विजय वर्मा पिछले कुछ महीनों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और अपना रिलेशनशिप भी ऑफिशियल कर चुके हैं। वो हर जगह साथ घूमते नजर आते हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए तमन्ना और विजय वर्मा लंदन में थे और खूब इंजॉय किया। लेकिन वहां तमन्ना को पिज्जा के बारे में एक खास बात पता चला, जिससे वह हैरान थीं। तमन्ना ने लंदन में मनाए न्यू ईयर का वीडयो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। तमन्ना और विजय ने लंदन पहुंचते ही वीडियो ब्लॉग बनाना शुरू कर दिया था।



# 'भूल भुलैया 3' को लेकर आया अपडेट

**मुंबई।** वर्ष 2007 में अक्षय कुमार और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'भूल भुलैया' आई और हिट रही। इसके बाद 2022 में इसके सीक्वल में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू नजर आए और ये फिल्म भी ब्लॉकबस्टर रही। अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने की तैयारी में हैं। काफी वक्त से 'भूल भुलैया 3' पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए जा रहे हैं कि मार्च से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भूषण कुमार, अनीस बज्मी और कार्तिक आर्यन हाल ही में फिल्म पर चर्चा करने के सिलसिले में मिले। अनीस बज्मी जैसे क्रिएटिव इंसान और कार्तिक आर्यन जैसे प्रतिभाशाली कलाकार के साथ इसके तीसरे पार्ट को बनाते हुए वे बेहद उत्साहित हैं।

टीवी मसाला



# अनुपमा को देखकर आध्या को लगा झटका

**मुंबई।** अनुपमा शो में अब तक आपने देखा कि अनुपमा, अनुज के घर पहुंच गई है और वहां आध्या के बर्थडे के लिए खाना तैयार करती है। श्रुति ने खुद अनुपमा को बुलाया है। वहीं अनुज जिसको अनुपमा के पास होने का शक है, वह जल्द से जल्द घर जाकर देखना चाहता है कि आखिर जिस महिला को श्रुति ने बुलाया है वो कौन है। शो का प्रोमो सामने आया है जिसमें आध्या अपने कमरे से नीचे उतरकर आती है और कहती है कि बहुत अच्छी खुशबू आ रही है। वह काफी खुश होते हुए आती है। श्रुति कहती है कि खुशबू बहुत अच्छी आ रही है और खाना भी बहुत शानदार है। आध्या फिर किचन में जाती है और वहां देखती है कि अनुपमा अंदर है और खाना बना रही है। श्रुति वहीं अनुज को फोन करती है कि तुम कहां हो। आध्या के दोस्त आ गए हैं और मैं तुम्हें मिलवाने के लिए काफी एक्साइटेड हूं। अनुज कहता है कि बस मैं आ रहा हूं। वहीं आध्या अनुज को बार-बार फोन करती है ताकि वह घर ना आए। वह कहती हैं कि ऐसा नहीं हो सकता। मैं अनुपमा को पॉप से नहीं मिलने दे सकती। मुझे कैसे भी करके ये रोकना होगा। अब क्या अनुपमा और अनुज फाइनली एक-दूसरे के सामने आएंगे या आध्या की ट्रिक काम आएगी।

## झंडे गाड़ चुकी फिल्म 'सलार' नीचे लुढ़की



**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'सलार' की कमाई रोज दहाड़ लगा रही है। ये फिल्म साउथ की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में जा पहुंची है। प्रशांत नील के डायरेक्टशन में बनी इस फिल्म पर दर्शक खूब प्यार बरसा रहे हैं। सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज इस फिल्म ने पहले दी दिन दुनिया भर में 158.10 करोड़ की बम्पर कमाई कर धुआं उड़ा दिया। खैर, अब 12 दिनों बाद फिल्म की कमाई घटने लगी है और इस मंगलवार को इसने सबसे कम कमाई की है। इस फिल्म ने न्यू इयर पर भी खूब धुआं उड़ाया लेकिन पहले मंगलवार को यानी 12 वें दिन इसने अब तक की सबसे कम कमाई की। 'सलार' 7.50 करोड़ पर जाकर सिमट गई। कुल मिलाकर इस फिल्म ने 369.37 करोड़ की कमाई कर डाली है।

# शिल्पा और सिद्धार्थ का जोरदार एक्शन



**मुंबई।** फाइनली इंतजार खत्म हुआ। रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। सीरीज से शिल्पा शेट्टी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ओटीटी पर डेब्यू भी कर रहे हैं। इसके अन्य कलाकारों में विवेक ओबेरॉय और शरद केलकर हैं। रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स को एक अलग लेवल पर ले गए हैं। इसकी कहानी दिल्ली पुलिस के अधिकारियों पर है जो एक आतंकी की तलाश कर रही है। उसके बाद पुलिस पर सवाल उठने लगे हैं। सिद्धार्थ, विवेक और शिल्पा की टीम है जो एक आतंकी हमले के बाद उस आतंकवादी को खोजने में जुटी है। ट्रेलर में दिल्ली के कई हिस्सों को दिखाया गया है। हर फ्रेम के साथ रहस्य और भी गहराता जाता है और आखिर में एक विस्फोट होता है। रोहित की यह कॉप यूनिवर्स एक अलग दुनिया में लेकर जाती है। ट्रेलर में शिल्पा और सिद्धार्थ का एक्शन भी देखने को मिलता है। 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसका निर्देशन रोहित और सुश्वंथ प्रकाश ने किया है। सीरीज को रोहित ने क्रिएट किया है।

# राहा को एक हाथ में टांगे निकले रणबीर कपूर

**मुंबई।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा कपूर की पहली झलक जब से लोगों को दिखी है, तब से बस वो नन्ही परी की तारीफ किए जा रहे हैं। क्रिसमस पर पहली बार रणबीर और आलिया ने बेटी राहा को दुनिया के सामने दिखाया था। उनकी प्यारी सी झलक देखकर इंटरनेट पर जैसे बहार आ गई हो। क्यूट सा राहा को देखकर एक ही दिन में सब दीवाने हो गए थे। अब एक बार फिर से आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की बेटी की दूसरी झलक इंटरनेट पर सामने आ गई है। राहा को खूबसूरत अंदाज में देखकर आपका भी दिल करेगा कि बलाएं ले लें। दरअसल नए साल के मौके पर जहां हर बॉलीवुड सेलेब छुट्टियां मनाने गया था, वहीं रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी अपने लाडली बेटी के साथ वेकेशन पर गए थे। अब वे दोनों वापस आ गए हैं और उनके साथ राहा भी हैं। एक नए वीडियो में इस क्यूट सी फैमिली की एक झलक दिखी, जिसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्राइवेट एयरपोर्ट से बाहर निकल रहे थे।



## 'दुल्हनिया 3' से नहीं हुई आलिया भट्ट की छुट्टी

*'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' की रिलीज के लगभग दस साल बाद इसका सीक्वल 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' फिल्म रिलीज की गई थी। वहीं अब इसके छह साल के बाद करण जौहर इस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त लाने के लिए तैयार हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए गए कि 'दुल्हनिया 3' की कास्टिंग में बड़े बदलाव होंगे। कहा गया कि फिल्म में आलिया भट्ट की जगह वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर नजर आएंगी। लेकिन, इस तरह के दावों को करण जौहर ने खारिज कर दिया है। करण जौहर ने आज अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की इंस्टा स्टोरी पर एक मैसेज लिखा है। इसमें उन्होंने मीडिया से कोई अनुमान न लगाने की गुजारिश की है। बीते दिनों खबर आई थी कि जान्हवी कपूर इस मशहूर फ्रेंचाइजी में आलिया भट्ट की जगह लेकर वरुण के साथ नजर आएंगी।*

## 'फाइटर' से 'सिंघम अगेन' तक, इन फिल्मों पर टिकी नजरें

# साल 2024 में बॉक्स ऑफिस पर जारी रहेगा कामयाबी का जश्न

***मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर बीता साल 2023 बहुत शानदार रहा। इस दौरान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की बल्ले-बल्ले रही। खासकर साल 2022 में अपने सबसे बुरे दौर के बाद बीते साल बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड ने जोरदार वापसी की। एक साल में चार फिल्मों 'पठान', 'जवान', 'गदर 2' और 'एनिमल' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ क्लब में एंट्री करने का अनोखा रेकॉर्ड बनाया। वहीं, जवान 600 करोड़ क्लब में एंट्री करके हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। यही नहीं, शाहरुख खान ने अपनी तीन फिल्मों 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' के सहारे एक साल में दुनियाभर में ढाई हजार करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करके नया रेकॉर्ड बनाया है।*



### आमिर की नहीं रिलीज हुई फिल्म

*इन सुपरस्टार्स के अलावा आमिर खान की भी कोई फिल्म इस साल रिलीज शेड्यूल में नहीं है। उनके प्रॉडक्शन हाउस की एक फिल्म जरूर इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। इसे उनकी सनी देओल स्टारर फिल्म माना जा रहा है। अभी तक यह तय नहीं है कि इस फिल्म से आमिर बतौर एक्टर जुड़ेंगे या नहीं। वहीं बीते साल 'एनिमल' से सुपर सक्सेस हासिल करने वाले रणबीर कपूर की भी इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं होगी।*

### बिना सुपर सितारों के बीतेगा साल

*साथ ही रणवीर सिंह भी इस साल बड़े पर्दे पर नजर नहीं आने वाले हैं। यानी इस साल बिना सुपर सितारों की फिल्मों के यह देखना दिलचस्प होगा कि बीते साल की तर्ज पर बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों सफलता का सिलसिला किस तरह कायम रहने वाला है। फिलहाल सबकी नजरें ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'फाइटर', अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' और अजय देवगन व रोहित शेट्टी की 'सिंघम' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 'सिंघम अगेन' पर हैं।*

### क्या टूट पाएगा 1000 करोड़ का रिकॉर्ड

*बीते साल में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता का स्वाद चखने के बाद बॉक्स ऑफिस के जानकारों की नजरें इस पर हैं कि आने वाले दिनों में कौन सी हिंदी फिल्म बीते साल की तरह दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए कमाई करने का कमाल दिखाने वाली है। क्या इस साल बीते साल का चार हिंदी फिल्मों का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ क्लब में एंट्री करने का रेकॉर्ड टूटेगा? खास बात यह है कि बीते साल में बंपर प्रदर्शन करने वाले शाहरुख खान की इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही, तो सलमान खान की फिल्म भी अब अगले साल ही रिलीज होगी।*

### बॉक्स ऑफिस इस साल भी करेगा धमाल?

*'पठान' और 'जवान' के बंपर प्रदर्शन के बाद माना जा रहा था कि शाहरूख खान की फिल्म 'डंकी' भी दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करेगी। लेकिन यह फिल्म दुनियाभर में 500 करोड़ रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। बावजूद इसके किंग खान अकेले ऐसे भारतीय एक्टर बन गए हैं, जिनकी दो फिल्मों ने एक साल में दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की। वहीं, सनी देओल की 'गदर 2' और रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा धमाकेदार प्रदर्शन किया, जिसकी शायद ही किसी को उम्मीद रही होगी। खास बात यह है कि पहले इन दोनों फिल्मों का बीते साल इंडिपेंडेंस डे पर क्लैश होना था।*

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर प्रधान पाठिका को दी गई विदाई

**पत्थलगांव।** प्राथमिक शाला इंजको की प्रधान पाठिका श्रीमती डोरोथिया कुजूर को उनके अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर शालेय परिवार इंजकों के समस्त स्टाफ द्वारा शाल श्रीफल देकर विदाई दी गई इस अवसर पर सर्व शिक्षक डी आर खुटे अनिल बेहरा मुक्ता बंजारा, सरिता गुप्ता, उषा अग्रवाल, ममता होता, शांतेश्वर यादव, शिव धिरही, लक्ष्मण मिर्रे, कमला भगत, एवं छात्र छात्राएं सहित सुद्रो यादव, गायत्री बघेल उपस्थित रहे सभी शिक्षको ने प्रधान पाठिका उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके दीर्घायु जीवन एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीये प्रधान पाठिका श्रीमती डोरोथिया कुजूर ने सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया उन्होंने कहा कि आप सभी को बाते हमेशा याद रहेंगी।

### अवैध खनिज परिवहन करते तीन वाहन जब्त

**सारंगढ़।** सारंगढ़ एसडीएम वासु जैन ने शुक्रवार को बरमकेला में अवैध परिवहन में लिप्त आधा दर्जन वाहनों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सभी को बरमकेला थाना में खड़ा कर दिया है। जानकारी के अनुसार बिना रायल्टी के अवैध रूप से परिवहन कर रहे 3 डम्फर को पकड़ा है वही अवैध रूप से धान का परिवहन कर रहे 2 ट्रैक्टर को भी पकड़ा है। साथ ही एक बिना रायल्टी के बालू के ट्रैक्टर भी पकड़ा है। सभी वाहनों को बरमकेला थाना में खड़ा किया गया है। आगे की कार्यवाही अभी जारी है। वहीं बरमकेला अंचल में एसडीएम की इस ताबड़तोड कार्यवाही से हड़कंप मचा हुआ है।

### घुमन्तू पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने का कार्य जारी

**रायगढ़।** पशुधन विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर राष्ट्रीय राज्य मार्गो पर पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप जिले में आज दिनांक तक कुल 6407 घुमन्तू पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने कार्य पूर्ण हो चुका है। संचालक पशु चिकित्सा सेवायें रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा किए गए कार्यवाही के परिणाम स्वरूप आमजनों का सड़कों पर आवागमन अधिक सुरक्षित हुआ है तथा यातायात थाना रायगढ़ में दर्ज रिपोर्ट अनुसार लगभग विगत तीन माह से पशुओं के कारण सड़क दुर्घटना नहीं होना बताया गया है। पशुधन विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर पशुओं में रेडियम बेल्ट लगाने कार्य सतत रूप से जारी है।

### सर्पदंश मृत्यु पर सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** तहसील लैलूंगा के ग्राम रूपडेगा निवासी कृतिका चक्रवती की 17 जून 2023 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात एसडीएम लैलूंगा द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के अनुसार मृतिका के पति मेघनाथ चक्रवती को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की।

### समारोह में कामायानी नाटक का हुआ मंचन

**रायगढ़।** इप्टा के पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य समारोह रंग अजय के दूसरे दिन दो नाटक जितने लब उतने अफसाने व उत्तर कामायनी का मंचन हुआ। राष्ट्रीय नाट्य समारोह में दूसरे दिन पॉलीटेक्निक ऑडिटोरियम में इप्टा रायगढ़ द्वारा दो नाटकों का मंचन किया गया। पहला नाटक राजी सेठ की कहानी गम ए हयात ने मारा पर आधारित जितने लब उतने अफसाने का मंचन किया गया। इसका रूपांतरण अख्तर अली ने किया। इस नाटक में दिखाया गया कि सदियों से समाज में प्रेम को कभी स्वीकृति नहीं मिली।नाटक में प्रश्न खड़ा किया गया कि आखिर इसे क्या समझा जाए प्रेम की असफलता या समाज की कमजोरी। दुनिया में सभी को प्रेम ही चाहिए। व्यक्ति जीवन भर प्रेम पाने के लिए प्रयत्न करता रहता है। परमाणु विस्फोट के पश्चात की पृष्ठभूमि से यह नाटक प्रारंभ होता है।

## स्टेडियम के सामने पलटा ऑटो, दो गंभीर, केजीएच में उपचार जारी

# मिड़मिड़ा के पास दो बाइक में टक्कर, 6 वर्षीय बच्ची सहित 3 की मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शुक्रवार की शाम शहर में दो बड़ी दुर्घटना घटित हो गई। जिसमें 5 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, वहीं एक 6 वर्षीय बच्चे सहित 3 लोगों की मौके पर ही मौत होने की सूचना मिल रही है। घायल लोगों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लाए जाने की सूचना है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मौके पर पहुंची हुई और राहत कार्य में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार पहली घटना जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत झलमला और मिड़मिडा के बीच हुई। गढउमरिया के लहंगापाली निवासी निवासी बाइक सवार मेला देखने के लिए झलमला पहुंचे थे। जहां सामने आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना में एक 6 वर्षीय बच्चे सहित 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, वहीं 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। समाचार लिखे जाने तक दुर्घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हैं, वहीं इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच चुकी है। पुलिस ने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल यह दुर्घटना कैसे और किन परिस्थितियों में घटित हुई इस बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं दूसरी घटना चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेडियम के सामने घटित हुई है। जहां एक इलेक्ट्रिक ऑटो तेज गति से चलते हुए डिवाइडर से टकराई और पलट गई। इस दुर्घटना में चालक व उसके साथी को गंभीर रूप से चोंट आई है। जिसे मौके पर मौजूद लोगों की सहायता से पुलिस ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



**दो दिन में 9 की मौत, 10 घायल**

बता दें कि बीते करीब दो से तीन दिनों में अलग अलग दुर्घटनाओं में करीब 9 लोगों की मौत और करीब 10 लोग घायल हो चुके हैं। इन दिनों हर दिन सड़क हादसें की खबरें सामने आ रही हैं। वहीं इसके साथ ही हिट एंड रन के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। यही वजह है कि इससे संबंधित अधिनियमों में बदलाव करने को लेकर संसद जुटी हुई है।

### खड़े ट्रेलर से टकराई बोलेरो, चालक की मौत

रायगढ़-घरघोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में खड़ी ट्रेलर से बोलेरो भिड़ने से चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उसका साथी जख्मी हो गया। एक लकवा पीड़ित मरीज को साल्हेओना में छोड़कर वापसी के दौरान यह हादसा हुआ। बेलगाम रफ्तार के कहर से जशपुर के गाड़ी चालक की असमय बलि चढ़ने का यह मामला घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। घटना की विवेचना कर रहे सहायक उपनिरीक्षक विल्फ्रेड मसीह ने बताया कि घरघोड़ा से 5 किलोमीटर दूर ग्राम भालूमार में गुरूवार अलसुबह लगभग साढ़े 4 बजे उस समय हड़कम्प मच गया, जब नेशनल हाईवे किनारे खड़ी ट्रेलर से ओड़िशा पास सफेद रंग की बोलेरो क्रमांक ओडी 14 डब्ल्यू 4679 जा भिड़ी। भारी वाहन से सवारी गाड़ी के टकराने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जब मौके पर पहुंचे तो बोलेरो का सामने हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका था और उसके अंदर दो लोग घायल हालत में असहाय पड़े मिले। लोगों ने 112 नंबर डायल करने के अलावे थाना प्रभारी शरद चंद्रा को भी दुर्घटना की सूचना देते हुए मदद की मांग की। कुछ ही देर में एम्बुलेंस आने पर दोनों आहतों को नजदीकी घरघोड़ा के अस्पताल ले जाया गया तो चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच में एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जख्मी युवक ने



अपना परिचय जशपुर जिले के नारायणपुर थानांतर्गत ग्राम पुटुकेला निवासी रफील खान के रूप में देते हुए मृतक की पहचान अपने गांव के ही साथी कुमार यादव आत्मज बेनू यादव 29 साल के तौर पर की। रफील ने यह भी बताया कि कुमार बोलेरो चलाता था। वे लकवा के एक मरीज को उपचार के लिए रायगढ़ के ग्राम साल्हेओना में छोड़ने गए थे। लकवा पीड़ित को लेकर उसका परिवार साल्हेओना में उतरा। इसके बाद घरवापसी के दौरान घरघोड़ा से पहले एनएच में बोलेरो हादसे की शिकार हो गई। फिलहाल रफील खान के बयान के आधार पर घरघोड़ा पुलिस अब मृतक बोलेरो चालक के खिलाफ ही धारा 279, 337, 304 ए के तहत आपराधिक प्रकरण कायम करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

## जहां वोटिंग परसेंटेज कम वहां करेंगे फोकस: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लोकसभा चुनाव के लिए आज मतदान सूची का प्रथम प्रकाशन आज किया जा रहा है। इसमें दावा आपत्ति के लिए 22 जनवरी तक का समय निर्धारित किया गया है। वहीं प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण 2 फरवरी को किया जाएगा। इसके साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन 13 व 14 जनवरी को किया जाएगा। जिसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी शुक्रवार को आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कलेक्टर कार्तिकेय गोयल ने दी। इस संबंध में पत्रकारवार्ता के दौरान जिले में कुछ ऐसे मतदान केन्द्र हैं, जहां का मतदान दर काफी कम दर्ज किया गया। ऐसे में इन मतदान केन्द्रों में मतदान के दर को बढ़ाने को लेकर इस बार फोकस किया जाएगा। क्योंकि इस बार ऐसे मतदान केन्द्रों के मतदान दर को बढ़ाने को लेकर विशेष प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने बताया कि रायगढ़ लोकसभा क्रमांक 2 के तहत रायगढ़ में 4, सारंगढ़ में 1 और जशपुर में 3 विधानसभा क्षेत्र हैं। इसके अलावा रायगढ़ में 1 हजार 144, जशपुर 878 और सारंगढ में 345 यानी कुल 2 हजार 367 मतदान केंद्र हैं। वहीं जिले में दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 9 हजार 486, 18-19 आयुवर्ग के 24 हजार 356 मतदाता, वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं की संख्या 8 हजार 150 है। वर्तमान में पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रारंभिक प्रकाशन में कुल 2 हजार 126 नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फार्म 6 के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। कुल 336 मतदाताओं के नामों के विलोपन के लिए आवदेन प्राप्त हुआ है।



**यहां इतने मतदाता**

जानकारी के अनुसार जिले में पुरूष मतदाओं की संख्या 4 लाख 42 हजार 214 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 4 लाख 48 हजार 236 तथा तृतीय लिंग 27 है। इस प्रकार कुल 8 लाख 90 हजार 977 है। लैलूंगा विधानसभा में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 4 हजार 475, रायगढ़ में 2 लाख 58 हजार 141, खरसिया में 2 लाख 15 हजार 699 तथा धरमजयगढ़ में 2 लाख 12 हजार 662 हैं।

**यहां घटी मतदान की दर**

इस दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने बताया कि लैलूंगा विधानसभा में 11, रायगढ़ विधानसभा में 5, खरसिया विधानसभा में 15 और धरमजयगढ़ में 22 मतदान केन्द्रों में पिछली बार मतदान दर में कमी दर्ज की गई थी।

## कमल करेगा जनता का जीवन सफल : ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जन जातीय आबादी वाले 36 हजार 428 गांवों को आदर्श ग्राम में रूपांतरित करने की जानकारी साझा करते हुए कहा युद्ध स्तर पर जारी इस योजना से देश की 4 करोड़ 22 लाख कुल जन संख्या का 40 प्रतिशत जन जातीय आबादी को लाभ मिलेगा।



रायगढ़ विधायक ने कहा भाजपा का कमल सबका जीवन सफल करेगा। जनजातीय आबादी वाले गांवों को मॉडल गांव आदर्श ग्राम में रूपांतरित करना है। इसके तहत अधिसूचित जनजातियों के साथ राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों में कम से कम 50 फीसदी अनुसूचित जनजाति आबादी और 500 अनुसूचित जनजाति वाले 36,428 गांवों को कवर करने की परिकल्पना की गई है। वित्त मंत्री ने बताया योजना का मुख्य उद्देश्य सम्मिलन दृष्टिकोण के माध्यम से चयनित गांवों के एकीकृत सामाजिक. आर्थिक विकास को प्राप्त करना है। इसमें जरूरतों, क्षमता और आकांक्षाओं के आधार पर ग्राम विकास योजना तैयार करना शामिल है। इसके अलावा इसमें केंद्र राज्य सरकारों की व्यक्तिगत पारिवारिक लाभ योजनाओं के कवरेज को अधिकतम करना और स्वास्थ्य, शिक्षा, कनेक्टिविटी संपर्क व आजीविका जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे में सुधार करना भी शामिल है। यह योजना विकास के सड़क संपर्क आंतरिक और अंतर गांव प्रखण्ड, दूरसंचार संपर्क मोबाइल, इंटरनेट, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उप.केंद्र, पेयजल सुविधाए जल निकासी और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में क्षेत्रो में अध्यन कर कार्य करेगी।

### संस्कार का फैजान राष्ट्रीय क्रिकेट में करेगा गेंदबाजी, हुआ सलेक्शन

**रायगढ़।** जिले की श्रेष्ठ प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं के छात्र फैजान हुसैन का नेशनल स्कूली क्रिकेट हेतु चयन किया गया है। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि विगत माह छत्तीसगढ़ के सभी संभागों की अंडर 19 टीमों का टूर्नामेंट बिलासपुर में खेला गया था जिसमे संस्कार स्कूल के होनहार खिलाड़ी फैजान हुसैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार पाकर रायगढ़ जिले के गौरवान्वित किया था। इसके साथ ही बल्लेबाजी मे भी बेहतर प्रदर्शन फैजान हुसैन के द्वारा किया गया था।



### बालसमुंद में आबकारी विभाग ने जब्त किया 2070 किलो महुआ लाहन

**रायगढ़।** आबकारी विभाग द्वारा बालसमुंद में बड़ी कार्रवाई की गई है। यहां नाले व तालाब किनारे से 138 प्लास्टिक डिब्बों में कुल 2070 किलो ग्राम महुआ लाहन, शराब बनाने के उपकरण और 10 लीटर अवैध महुआ शराब लावारिस हालत में बरामद कर नष्ट की गई तथा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत लावारिस प्रकरण कायम किया गया। आरोपियों की पतासाजी के प्रयास जारी है। उक्त कार्रवाई में वृत्त रायगढ़ शहर प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक हाबिल खलखो के द्वारा की गई, जिसमें आबकारी आरक्षक तुलेश्वर राठौर, प्रवीण जांगड़े एवं महिला नगर सैनिक सरोज कंवर का योगदान रहा।

## जोगपाल पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम, बच्चों ने उठाया लुफ्त

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव के जोगपाल पब्लिक स्कूल में स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम का शनिवार शाम को जोगपाल स्कूल के शरणजीत सिंह भाटिया, रामलाल अग्रवाल, जितेन्द्र गुप्त, परमजीत सिंह भाटिया, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भांटीया प्रिंसिपल जोगेन्दर मेहर, एवं स्कूल के सभी टीचरों पीटीआइ की उपस्थिति में समापन किया गया स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम में पहुचे अतिथि रामलाल अग्रवाल ने कहा कि जोगपाल स्कूल के बच्चो ने अच्छा खेल खेला है ये खेल ही है जहां से स्कूली छात्र अपने प्रतिभा को आगे उच्च स्तर तक लेजाने में सफल हो पाते है।

शरणजीत सिंह भाटिया ने स्पोर्ट्स डे में भाग लिए सभी बच्चो की जम कर तारीफ की उन्होंने कहा कि मैं खुद भी देखा इन्हें खेलते हुए इनके खेल के दौरान किये जा रहे एफर्ड काबिले तारीफ है। गजब का खेल दिखाया है। सभी ने जीत और हार से आगे बढकर खेल खेलने का प्रयास किया है। हम वर्ष स्पोर्ट्स डे मनाते है। जिससे खेल प्रतिभाएं आगे आ संके। स्पोर्ट्स डे कार्यक्रम में पहुचे अतिथि जितेन्द्र गुप्ता ने कहा कि स्कूली छात्रों को खेलते देख कर अपना बचपन याद आ गया जब स्कूल से लेकर अन्य जगहों में जाकर खेल खेलते रहे थे सभी स्कूली छात्रों का खेल बहुत बढ़िया था उन्होंने बहुत अच्छा खेल खेलने की भरपूर कोशिश की है। जो सभी खिलाड़ियों में होना अति आवश्यक है। तभी वे छात्र अपने खेल की प्रतिभा को आगे लाने में सफल हो सकेंगे खेल रहे बच्चो के जितने के बाद उनकी खुशी बहुत मायने रखती है।



## महिलाओं से ठगी का फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के फरार आरोपी अमन सिंह ठाकुर को मुखबीर सूचना पर घेराबंदी कर केलो डेम के पास पकड़ा गया है। आरोपी अपनी परिचित अनीता चौहान और बब्बू ठाकुर के साथ मिलकर महिलाओं के लोन फाइनेंस के नाम पर उनके डॉक्यूमेंट लेकर उन डॉक्यूमेंट से गाड़ी फाइनेंस कर गाड़ियों को अन्य व्यक्तियों के पास गिरवी कर देते थे। जिन महिलाओं के नाम पर गाड़ियां फाइनेंस हुई थी। उन्हें फाईनेंस कंपनी से किस्त पटाने का नोटिस मिलाए तब मामला उजागर हुआ। धोखाधड़ी को लेकर चंदना गुहा निवासी विकास नगर कोतरारोड़ द्वारा 11 अगस्त 2023 को थाना कोतवाली में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि अनीता चौहान निवासी रेलवे बांग्ला पारा रायगढ़ उसे बैंक कर्मचारी बता कर लोन फाइनेंस के नाम पर उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड ली जिसका दुरुपयोग कर श्रीराम फाइनेंस से होंडा एक्टिवा 80 हजार रुपए में फाइनेंस की और उसे किसी अन्य को दे दी। फाइनेंस कंपनी द्वारा किस्त पटाने नोटिस भेजा तब इसे जानकारी हुई और उसने थाना कोतवाली में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया। कोतवाली पुलिस अनीता चौहान पर धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर आरोपिया की पतासाजी कर 14 अगस्त 2023 को



आरोपिया अनीता चौहान पति सोनू चौहान उम्र 30 साल निवासी रेलवे बांग्ला पारा रायगढ़ को गिरफ्तार किया गया जिससे पूछताछ में इस धोखाधड़ी में उसके भांजे अमन सिंह ठाकुर और बब्बू ठाकुर के भी शामिल होने की जानकारी मिली और आरोपियों द्वारा अन्य महिलाओं के नाम से भी गाड़ी फाइनेंस कर अन्य को देना पता चला। कोतवाली पुलिस गिरफ्तार अनिता चौहान के विरूद्ध अक्टूबर 2023 में चालान न्यायालय पेश किया गया था। प्रकरण के आरोपी बब्बू ठाकुर और अमन ठाकुर फरार थे। आज मुखबिर सूचना पर फरार आरोपी अमन सिंह ठाकुर पिता विनोद सिंह ठाकुर उम्र 24 साल निवासी दरोगा पारा रायगढ़' को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## सारंगढ़ में नए कलेक्टर ने लिया चार्ज, ली बैठक

**सारंगढ़।** सारंगढ़ जिला मुख्यालय में नवपदस्थ कलेक्टर केएल चौहान ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। चार्ज लेने के साथ ही कलेक्टर ने मातहत प्रशासनिक अधिकारियों से परिचय बैठक की और प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी ली। इसक बाद कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्ट्रोटेट कार्यालय में राजनीतिक दलों के साथ बैठक ली। बैठक में श्री चौहान ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में सभी को अवगत कराया।



## जननी सुरक्षा में बजट का टोटा, भुगतान बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रसूताओ को होने वाला भुगतान फिलहाल अटक गया है। विभाग के पास पर्याप्त बजट राशि नहीं होने के कारण ही प्रसव के बाद प्रसूताओ को विगत 5 माह से भुगतान पाने के लिए इंतजार में है। इसमें ज्यादातर महिलाएं ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों से जुड़ी हैं।

भुगतान राशि की जानकारी के लिए परिजनों को अस्पताल के चक्कर काट कर परेशानी उठानी पड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए जननी सुरक्षा योजना संचालित किया जाता है। इसके तहत मितानिनों के तरफ गर्भवती को सरकारी अस्पतालों में लाकर उनका सुरक्षित ढंग से प्रसव कराया जाता है। ताकि नवजात कुपोषित ना हो और प्रसूता स्वस्थ रहे। इसके लिए अस्पताल में उन्हें नास्ता व पौष्टिक आहार भी दिया जाता है। अब प्रसव के बाद पौष्टिक आहार के सेवन के लिए मिलने वाली जननी सुरक्षा योजना की धनराशि के लिए भुगतान में भी अडचने आ रही है। इसका खामियाजा प्रसव करने वाली महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। प्रसव के बाद मिलने वाली इस योजना की धनराशि को पाने के लिए प्रसूताओ के परिजनों को नजदीकी अस्पताल से लेकर मेडिकल कॉलेज तक के चक्कर लगाकर परेशानी उठानी पड़ रही है।



**नहीं मिला भुगतान**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया में माह सितंबर से दिसंबर तक 50 प्रसूताओ को जननी सुरक्षा योजना का भुगतान नहीं मिला है। हमारे द्वारा पूरी प्रक्रिया कर दी गई है। भुगतान आते ही उनके खाते में डाल दिया जाएगा।

विद्या उरांव
कनिष्ठ सचिवीय सहायक
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरिया

### एनएसएस का विशेष शिविर

**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम ठाकुरपाली में 4 जनवरी गुरुवार को रोटेरियन क्लब ऑफ रायगढ़ स्टील सिटी के माध्यम से ग्राम के जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े शर्ट एवं कंबल वितरित किए।







